भारत निर्वाचन आयोग
निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110 001

सं. 590/भा.नि.आ/पत्र/अवसंरचना/प्रशि- प्रशि-II/**2016** दिनांक: **18** नवम्बर, 2016

<u>निविदा</u>

भारत निर्वाचन आयोग के भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) के लिए इस निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न विनिर्देशों के अनुसार प्रतिष्ठित ब्रॉंड (जैसे एचपी, लेनोवो, डैल इत्यादि) के दो बेतार डेस्कटॉप सिस्टम की आपूर्ति हेतु मोहरबंद निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्में जिनका कार्यालय दिल्ली में हैं, मोहरबंद निविदाएं प्रस्तुत कर सकती हैं। मोहरबंद निविदाएं **30** नवम्बर, **2016** को पूर्वाह्न **11.00** बजे तक या इससे पहले आयोग में प्राप्त हो जानी चाहिए। निविदाएं भारत निर्वाचन आयोग के प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से भी प्रस्तुत की जा सकती हैं। मोहरबंद निविदाएं भारत निर्वाचन आयोग के संविधान हॉल, **7**वां तल में अगले दिन अपराह्न **4.00** बजे खोली जाएंगी।

2. कोटेशनों के साथ अवर सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में **10,000**/- रु की बयाना राशि संलग्न होनी चाहिए, इसके न होने पर निविदा तत्काल रद्द कर दी जाएगी। मोहरबंद लिफाफों पर 'बेतार डेस्कटॉप सिस्टम की आपूर्ति हेतु निविदा' लिखा तथा निम्नलिखित को सम्बोधित होना चाहिएः

श्री बिनोद कुमार
अवर सचिव (प्रशिक्षण),
भारत निर्वाचन आयोग,
निर्वाचन सदन, अशोक रोड,
नई दिल्ली-**110001**

ह0/-

(बिनोद कुमार)
अवर सचिव(प्रशिक्षण)

बेतार सिस्टम हेतु विनिर्देश

अग्र भाग

I. दोहरा माइक्रोफोन ऐरे
II. **2.0** एमपी वैबकॉम
III. वैबकॉम एक्टिविटी एलईडी
IV. **23** इन्च आईपीएस फुल केपेबल स्क्रीन **(**प्रोजेक्टिड के पासिटिव टच पेनल विकल्प सहित**)**
V. चमक बढ़ाना
VI. चमक कम करना
VII. म्यूट माइक्रोफोन
VIII. आवाज बढ़ाना
IX. हाई परफोर्मेन्स स्टीरियो स्पीकर्स
X. आवाज कम करना
XI. म्यूट स्पीकर

पार्श्व भाग

I. हाई डिस्क ड्राइव एक्टिविटी एलईडी
II. एस डी मीडिया एण्ड कार्ड रीडर
III. **(2)** यू एस बी **3.0** पोर्ट, एक फास्ट चार्जिन्ग पोर्ट सहित
IV. माईक्रोफोन / लाईन इन जैक
V. हेडफोन / लाईन आऊट जैक
VI. ट्रे-लोड आप्टिकल डिस्क ड्राईव **(**आप्शनल**)**
VII. आप्टिकल डिस्क ड्राईव इजेक्ट बटन
VIII. आप्टिकल डिस्क ड्राईव एक्टिविटी एलईडी
IX. पावर बटन

पिछला भाग / पोर्ट (सिक्योरिटी कवर के पीछे)

1. बेसिक स्टैंड*
2. एक्सेस पैनल लैचिज
3. आई / ओ सिक्योरिटी कवर लैच
4. सिक्योरिटी स्क्रू होल
5. सिक्योरिटी लॉक स्लॉट
6. पावर कनेक्टर
7. सीरियल पोर्टस
8. पीएस / 2 माउस कनेक्टर
9. पीएस / 2 की बोर्ड कनेक्टर
10. (2) यू एस बी 3.0 पोर्टस
11. आर जे-45 गीगाबाइट इथरनेट पोर्ट
12. (2) यू एस बी 3.0 पोर्टस
13. डिस्प्ले पोर्ट कनेक्टर
14. स्टीरियो लाइन आऊट

तकनीकी विनिर्देश

- विन्डोस 10
- बेहतर सुरक्षा, संचालन योग्यता एवं साफ्टवेयर इमेज सुस्थिरता के लिए विकसित एवं निर्मित यूई-एफआई बी आई ओ एस
- एकीकृत ऑल-इन-वन फैक्टर
- प्रक्षिप्त कैपेसिटीव टच पैनल विकल्प के साथ अथवा बिना 23 इन्च आई पी एस (1920X1080) डायग्नल वाइडस्क्रीन डब्लयू एलईडी बैकलिट एण्टी- ग्लेयर एलसीडी
- लैंडस्केप अथवा पोट्रेट अनुकूलन- उंचाई समायोज्य स्टैण्ड अथवा वीईएसए माउंट सहित
- इन्टेल ® 87 चिपसेट
- इन्टेल ® चौथा जेनेरेशन कोर TM प्रोसेसर (i-7)
- इन्टेल ® वीपीआरओ ट्रेडमार्क TM तकनीक
- 65 वॉट तक प्रोसेसर सपोर्ट
- एकीकृत इन्डैल® एचडी ग्राफिक्स
- वैकल्पिक एसएक्सएम डिसक्रिट ग्राफिक्स
- एकीकृत इन्टैल® 1217 एलएम गीगाबाइट नेटवर्क कनेक्शन
- बेतार संयोजन (कनेकिविटी): इन्टैल® एडवान्स्ड-एन 6205 डब्लयू एलएएन- इन्टैल® 802.11 ए/बी/जी/एन
- वाई डाई सपोर्ट (इन्टैल® 6205 डब्लयू एल ए एन और इन्टैल® एच डी ग्राफिक्स के साथ)
- नियर फील्ड संचार (एनएफसी)
- आवाज घटाने वाला साफ्टवेयर और एच डी वेबकॉम तथा डयूल माक्रोफोन ऐरे

- उच्च निष्पादन वाला एकीकृत स्टीरियो स्पीकर्स
- डीटीएस स्टुडियो साउंड TM
- डीडीआर 3 एसडीआरएएम 16 जीबी तक, डयूल चैनल मेमोरी सपोर्ट, दो एसओडीआईएम एम स्लाटस
- आई ए आई डी सपोर्ट सहित 3 स्टोरेज ड्राइव्स (2 एसएटीए, 1 एम एस ए टी ए) तक के लिए स्पोर्ट
- 500 जीबी तक एसएटीए हार्ड ड्राइव, 500 जीबी सेल्फ-इन्क्रिप्टिंग ड्राईव, 256 जीबी सेल्फ इन्क्रिप्टिंग सोलिड स्टेट ड्राईव तथा 1 टीबी सोलिड स्टेट हाईब्रिड ड्राईव
- 32 जीबी एमएसएटीए एस एस डी फ्लैश कैचे माडयूल सहित वैकल्पिक इन्टैल® स्मार्ट रिसपोन्स टेक्नोलॉजी सपोर्ट
- वैकल्पिक स्लिम ट्रे-लोड सुपर मल्टी डीवीडी राइटर, डीवीडी- आरओएम, अथवा बीडी एक्सएल ब्लू-रे राइटर आप्टिकल डिस्क ड्राइव
- वैकल्पिक एसडी मीडिया कार्ड रीडर
- सीरियल पोर्ट
- डिस्पले पोर्ट आउट
- एकीकृत वीईएसए 100X100 माउंटिंग छिद्र
- इंट्रूजन सेंसर सहित लोकेबल रीयर एक्सेस पैनल
- सीसीसी, सीईसीपी एण्ड एसईपीए प्रमाणित
- माईक्रो सोफ्ट लिन्क के लिए अनुकूलित

निबंधन और शर्तें

1. फर्मों को तकनीकी बोली और वित्तीय बोली अलग-अलग प्रस्तुत करनी है। वित्तीय बोली में विचारणीय होने के लिए फर्मों को तकनीकी बोली में अर्हता प्राप्त करनी चाहिए। तकनीकी बोली में योग्य न पाए जाने की स्थिति में फर्म निविदा प्रक्रिया के लिए अयोग्य होगी।
2. फर्म का दिल्ली में पंजीकृत कार्यालय होना चाहिए।
3. तकनीकी बोलीः
   - फर्म का नाम
   - कार्यालय का पता और दूरभाष सं.
   - फर्म की स्थापना (साक्ष्य संलग्न करें)
   - कम्पनी की रूपरेखा
   - सिस्टम(मों) की आपूर्ति के पिछले तीन कार्य आदेश।
   - दस्तावेजों के साथ यह प्रमाणित करते हुए शपथ-पत्र कि फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा काली सूची में कभी डाला नहीं गया है?
   - फर्म की स्थायी खाता संख्या (पैन)
   - फर्म की टिन संख्या
   - फर्म का वार्षिक कारोबार 1.0 करोड़ (एक करोड़ रूपये मात्र) से कम नहीं होना चाहिए। पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 की दायर आय-कर विवरणी की प्रति भी संलग्न की जानी चाहिए।
   - "अवर सचिव, भारत निर्वाचन आयोग" के पक्ष में नई दिल्ली में देय 10,000/- रूपये की जमा बयाना राशि रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चैक के रूप में मोहरबंद निविदा के साथ संलग्न होनी चाहिए।
   - फर्म द्वारा उपर्युक्त दस्तावेजों वाले लिफाफे पर 'तकनीकी बोली' लिखा जाना चाहिए।

4. वित्तीय बोली

- फर्म को तकनीकी बोली के साथ एक अन्य लिफाफे में वित्तीय बोली अलग से प्रस्तुत करनी है।
- फर्म को सभी करों सहित दरें उद्धृत करनी है किन्तु, कर की वह दर, जो कोटेशन में सम्मिलित की गई है, का ब्रैकेट में उल्लेख किया जाना चाहिए। वित्तीय बोली प्रस्तुत करने का प्रपत्र निम्नलिखित प्रकार से हैः-

क्र. सं.	विवरण	प्रति यूनिट दर (भारतीय रू.)	द्वि पद्धति हेतु कुल राशि (भारतीय रूपये)
1.	दर		
2.	कर, यदि कोई है, (कृपया लिखें)		
समेकित कुल लागत (भारतीय रु.)			

प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर
फर्म की मोहर

5. जो फर्म निविदा हेतु योग्य नहीं पाई जाएगी उसकी बयाना राशि, निविदाओं को अंतिम रूप देने के पश्चात बिना किसी ब्याज के लौटा दी जाएगी। किन्तु, सफल निविदाकर्ताओं की बयाना राशि इस कार्य के सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद ही बिना किसी बयाज के लौटाई जाएगी।
6. फर्म को इस निविदा दस्तावेज में निर्धारित शर्तों वं निबंधनों को मानना होगा। इस सिस्टम के विनिर्देशों में किसी प्रकार का विचलन / परिवर्तन पाए जाने पर कार्य-आदेश रद्द कर दिया जाएगा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। फर्म इस संबंध में कोई दावा नहीं करेगी।
7. आयोग फर्म को कोई अग्रिम राशि नहीं देगा। फर्म को भुगतान वस्तुओं की सुपुर्दगी करने के पश्चात एवं स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) करने के बाद चैक के द्वारा किया जाएगा।
8. वस्तुओं की सुपुर्दगी कार्य आदेश जारी करने के पन्द्रह दिन के भीतर करनी होगी, लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण विलम्ब होने पर अधिकतम एक महीने में सुपुर्दगी करनी होगी।
9. आयोग के पास बिना कोई कारण बताएं किसी एक या सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। आयोग कार्य आदेश देने से पहले निबंधन एवं शर्तों में संशोधन भी कर सकता है।
10. कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में आयोग का निर्णय मान्य होगा और फर्म के लिए बाध्यकारी होगा।
11. एनएसआईसी पंजीकरण प्रमाण-पत्र संबंधी दिनांक **28.08.2000** का कार्यालय ज्ञापन सं. **21(1)/2000**-ईपीएण्ड एम आयोग द्वारा अभिग्रहित नहीं है, अतः इस कार्यालय ज्ञापन के अधीन पंजीकृत फर्मों को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की छूट और हित-लाभ नहीं दिए जाएंगे। फर्मों को निविदा के साथ बयाना राशि देनी होगी ताकि वे निविदा प्रकिया में भाग लेने के योग्य हो सकें।
12. फर्मों को संलग्न प्रपत्र के अनुसार संपूर्ण दरें उद्धृत करनी होगी।
13. फर्मों को संलग्न प्रपत्र के अनुसार ही निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
14. निविदा समेकित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी।

ह/-

(बिनोद कुमार)
अवर सचिव (प्रशिक्षण)

प्रपत्र (फॉर्मेट)

हमने निविदा दस्तावेज एवं इसकी शर्तों एवं निबंधनों को पढ़ / समझ लिया है। हम दस्तावेज की शर्तों एवं निबंधनों का पालन करने के लिए भी सहमत हैं। हम इस बात से भी सहमत हैं कि निविदा दस्तावेज को हमें बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में रद्द किया जा सकता है और हमारे पास धन-राशि के रिफंड के लिए और विलोमतः भी कोई दावा करने का अधिकार नहीं होगा। शर्तों एवं निबंधनों के मुद्दे पर बाद के चरण में कोई विवाद उत्पन्न हेने की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग का निर्णय मान्य होगा।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षरः

फर्म का नामः

पता :

दूरभाष सं. :

ई मेल :